भीनमाल व मुंबई से एक साथ प्रकाशित एवं 14 राज्यों में प्रसारित होने वाला प्रवासी राजस्थानियों का राष्ट्रीय साप्ताहिक

www.marwarchetna.com

# मारवाड़ चेतना

सम्पादक- कन्हैयालाल खण्डेलवाल

RNI NO. 54501/91 ❍ वर्ष-33 ❍ अंक: 9 ❍ भीनमाल, 1से 7 अगस्त 2023 ❍ पृष्ठः = 12 ❍ मूल्य 10 रूपये



चेतना के आयाम

## आखिर हम अपने लिए कब जिएंगे

परम आकाश



*वैसे कहने को तो सभी लोग अपने लिए जीते है लेकिन हकीकत में हमें स्वयं से पूछना चाहिए कि क्या वास्तव में हम अपने लिए जीते है। 99 प्रतिशत लोगों को अपने स्वयं से ही इसका उत्तर नहीं में मिलेगा। व्यापार कर रहे है , नौकरी कर रहे है, पैसा कमा रहे है, लेकिन यह सारा कुछ भविष्य की चिंता को सहेजने के कारण,या परिवार के लिए या तामझाम बढ़ाने के लिए ताकि हमारा नाम हो, हमारा रुतबा बढ़े, शान शौकत में वृद्धि हो , पुण्य कार्य कर सके , समाज सेवा हो सके, आदि आदि।*

*हम संसार में है, गृहस्थ है तो यह सभी कुछ करना गलत नही है लेकिन स्वयं को मिटाकर । स्वयं की तीजांजली देकर। और वह इसलिए कि इस आपाधापी भरे जीवन में यदि हमारा उठना समय पर नहीं है, भोजन करना समय पर नहीं है, सोना समय पर नहीं है तो बताइए कि क्या आप अपने लिए जी रहे है। क्या हमने अपने जीवन की कभी कीमत समझी है। क्या कभी इस शरीर रूपी मंदिर से प्रेम किया है, क्या इसे कभी परमात्मा का निवास समझा है। प्राथमिक बात तो यह है कि जब हम अपने लिए जी ही नही रहे है तो ये बाते तो बैमानी हो जाती है। इनका कोई मूल्य ही नही रह जाता।*

*मित्रों, इस विषय पर मनन करना, चिंतन करना कि यह जीवन तो चला जायेगा। आगे का जन्म कहा मिलेगा, कैसा मिलेगा कोई पता नहीं, लेकिन वर्तमान जीवन को तो वर्तमान में रहकर सुंदर और स्वस्थ बनाया जा सकता है। यदि हम अपने लिए जीते तो बीमारियां भी हमे नही घेर सकती। यदि हमारा आहार, व्यायाम और नींद सही हो जाय, सम्यक हो जाय तो लगेगा कि हम अपने लिए जी रहे है।*

*अभी कुछ दिन पहले ही एक युवा मित्र से मुलाकात हुई। कम उम्र में बहुत ही अच्छी प्रगति की। साधन संसाधन बहुत अच्छे से जुटाए।*

*क्रमशः*

# एसआरए के घरों को अब 7 साल के बाद बेच सकते हैं

## राज्य सरकार वन विंडो सिस्टम भी लागू कर सकती है



महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने विधानसभा में जवाब देते हुए कहा है कि अब एसआरए के तहत बनाए गए फ्लैट को दस साल की जगह सात साल में बेचा जा सकेगा। पहले लोगों को दस साल तक इंत[ार करना पड़ता था और ट्रांसफर के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था।

**मुंबई।** एसआरए के तहत डिवेलप किए गए घरों को अब 7 साल के बाद बेच सकते हैं। इससे पहले 10 साल के बाद ही बेचने की अनुमति थी। विधान मंडल की बैठक में उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विधेयक रखते हुए कहा कि एसआरए के तहत जिन लोगों को घर मिला है, उन्हें ट्रांसफर करने में दिक्कतें आ रही थीं। इन दिक्कतों को दूर करने का निर्णय लिया गया है। साथ ही अलग-अलग कारणों से रुकी कई एसआरए की योजनाओं को गति देने का निर्णय भी लिया गया है। फडणवीस ने कहा कि सरकार वन विंडो सिस्टम भी लागू कर सकती है। विधेयक पर चर्चा के दौरान विधान परिषद में उद्धव सेना के सचिन अहिर, कांग्रेस के भाई जगताप सहित कई सारे सदस्यों की शंकाओं का समाधान करते हुए फडणवीस ने कहा कि एसआरए के तहत डिवेलप की जा रही तमाम परियोजनाएं रुकी पड़ी हैं, जिसे गति देने के लिए इस विधेयक में कई सारे उपाय किए गए हैं। साथ ही उन लोगों को भी राहत देने का प्रस्ताव है, जिन्हें एसआरए के घरों को बेचने में परेशानी आती है।

**200 रुपये शुल्क में होंगे ब्लड रिलेशन को ट्रांसफर**

फडणवीस ने कहा कि वर्तमान में झुग्गी-झोपड़ी में रहने वालों को एसआरए योजना के तहत मुफ्त में घर मिलते हैं, लेकिन वे इन्हें 10 साल तक बेच नहीं सकते हैं। लोगों की मांग थी कि इसे कम कर पांच वर्ष किया जाए, लेकिन इसे लेकर बहुत सारे लोगों का विरोध भी था, इसलिए सरकार ने सात साल के बाद बेचने या ट्रांसफर करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि भविष्य में जरूरत पड़ेगी, तो इसे पांच साल भी कर सकते है।

विधान परिषद में फडणवीस ने कहा कि अगर झोपड़ीधारक अपने बेटे या पोते के नाम पर ट्रांसफर करना चाहता है, तो 200 रुपये ट्रांसफर फीस रखी गई है। अगर किसी दूसरे को बेच रहा है, तो इस शुल्क को 50,000 रुपये कर दिया गया है। पहले एसआरए के तहत बने घरों को 10 साल के बाद बेचने के लिए स्टैंप ड्युटी के बराबर राशि देनी पड़ती थी या 1 लाख रुपये अदा करने पड़ते थे।

## गहलोत सरकार ने किया बड़ा प्रशासनिक फेरबदल

# 336 आरएएस अधिकारियों का किया तबादला

### 2 जून को गहलोत सरकार ने 30 भारतीय पुलिस सेवा (IPS) अधिकारियों का किया था तबादला

*जयपुर। राजस्थान सरकार ने एक बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। गहलोत सरकार ने कुल 336 राजस्थान प्रशासनिक सेवा ( आरएएस ) अधिकारियों का तबादला कर दिया है। गत दिनों कार्मिक विभाग ने एक आदेश जारी किया, जिसके मुताबिक सभी संबंधित अधिकारियों को आधिकारिक अधिसूचना का अनुपालन करने को कहा गया है। यह फेरबदल ऐसे समय पर किया गया है जब राज्य में निर्धारित विधानसभा चुनाव होना है।*

**2 जून को किया गया था 30 IPS अधिकारियों का तबादला**

इससे पहले 2 जून को राज्य सरकार ने सात भारतीय प्रशासनिक सेवा (IAS) और 30 भारतीय पुलिस सेवा (IPS) अधिकारियों का तबादला कर दिया था। ऐसा देखने में आया है कि प्रशासनिक सचिवालय और अन्य विभागों के दफ्तरों में अधिकारी एक खास पद और विभाग पर ही बने रहते हैं। एक सरकारी अधिसूचना के अनुसार, इससे प्रशासन की पारदर्शिता और विश्वसनीयता प्रभावित होती है।

**प्रशासन में भरोसा बनाए रखने के लिए हुआ तबादला**

अधिसूचना में कहा गया है, 'इसलिए, प्रशासन में विश्वास बनाए रखने के उद्देश्य से यह निर्देशित किया जा रहा है कि किसी विशेष पद पर एक अधिकारी का कार्यकाल अधिकतम तीन वर्ष और विशेष मामलों में पांच वर्ष होना चाहिए।'

## भीनमाल में राजस्थान युवा महोत्सव

# 22 प्रतियोगिता में 200 कलाकारों ने भाग लिया, विजेता जिला स्तर पर लेंगे भाग



**मारवाड़ चेतना न्यज नेटवर्क**

**भीनमाल।** राजस्थान युवा बोर्ड के तत्वावधान में ब्लॉक स्तरीय राजस्थान युवा महोत्सव- 2023 एसडीएम दिव्येश सिंह की अध्यक्षता में राजकीय उच्च प्राथमिक स्कूल कचहरी रोड भीनमाल में आयोजित किया गया। महोत्सव में कलाकारों ने राजस्थानी संस्कृति पर एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी।

### 22 प्रतियोगिताओं में 200 युवाओं ने भाग लिया

22 प्रतियोगिताओं में भीनमाल ब्लॉक के 15 से 29 आयु वर्ग के 200 से अधिक कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी। निर्णायक मंडल ने प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान के विजेताओं का चयन किया। जो जिला स्तरीय महोत्सव में भाग लेंगे। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी खंगार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजान से लुप्त हो रही राजस्थानी संस्कृति और कला को बल मिलेगा। जिससे युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। महोत्सव के प्रभारी नारायण सिंह राव ने बताया कि राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार के माध्यम से युवाओं को करियर मार्गदर्शन दिया जाना है।

### यह रहे मौजूद

कार्यक्रम में तहसीलदार राम सिंह राव, एसीबीओ भागीरथ राम, प्रधानाचार्य निम्बाराम चौधरी, लाडू राम, नारायण लाल जीनगर, दिनेश बालोत, मनोज दावे, जगदीश विश्नोई, पूनम चंद, गोपाल सिंह राव, किशोर सिंह सिसोदिया, देवानंद भाटी समेत नगर के गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। मंच संचालन राम गोपाल पुरोहित सोमता ने किया।

## नवसृजित ग्राम पंचायत मेघावा का उद्घाटन

**[मारवाड़ चेतना न्यूज नेटवर्क]**

**वेडिया।** चितलवाना उपखण्ड क्षेत्र में नवसृजित ग्राम पंचायत मेघावा का लोकार्पण राज्यमंत्री सुखराम विश्नोई के मुख्य आतिथ्य में किया गया। लोकार्पण कार्यक्रम में हिंदूसिंह दूठवा, विकास अधिकारी मुलेन्द्र सिंह राठौड़ व सरपंच लूंगा देवी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस अवसर पर राज्यमंत्री सुखराम विश्नोई ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम पंचायत बनने से सभी सुविधाएँ एक ही छत के नीचे मिलेगी। कांग्रेस की सरकार में मेघावा को ग्राम पंचायत,उच्च माध्यमिक स्कूल, पटवार सर्कल, उप स्वास्थ्य केन्द्र सहित तमाम सुविधाएँ दी है। इस दौरान सांवलाराम सियाग ने भी संबोधित किया। ग्राम विकास अधिकारी बजरंगलाल, पटवारी अशोक विश्नोई, उप सरपंच बाबुलाल खिलेरी, सांवलाराम सियाक, मालाराम सियाक, रावताराम नैण, ठाकराराम गोरा समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## दो मंदिरों से दानपात्र तोडकर नकदी चोरी

**भीनमाल।** शहर स्थित बकस्थली माता मंदिर व जीके गोवाणी राजकीय महाविद्यालय के पास स्थित चमत्कारिक हनुमान मंदिर में अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। अज्ञात चोर दोनों मंदिरों से दानपात्र तोडक़र नकदी चुराकर ले गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच एवं घटना का मौका मुआयना किया। हैरानी की बात तो यह है कि चोर गोदान की राशि भी ले गए। चोरों ने रात करीब डेढ़ बजे के बीच चोरी की वारदात को अंजाम दिया। मंदिर में चोरी की वारदात सीसीटीवी में कैद हुई।


## हार्दिक बधाई



**ध्रुवी पुत्री श्री शान्तिलाल कायथवाल**

निवासी नांदिया जिला सिरोही

(एडवोकेट, मुंबई हाईकोर्ट ) ने

मनोविज्ञान ( Psychology subject ) में 80 प्रतिशत से अधिक नंबर लाकर स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण करने पर हार्दिक बधाई ।

**शुभेच्छु**

**मारवाड़ चेतना परिवार**

मुंबई भीनमाल




# देश के सुरक्षित भविष्य के लिए समान नागरिक संहिता जरूरी–खंडेलवाल

## मुंबई में आयोजित नरेन्द्र मोदी विचार मंच की संगोष्ठी में रहे समारोह अध्यक्ष

**मारवाड़ चेतना न्यूज नेटवर्क**






**मुंबई।** 144 करोड़ लोगों के भारत का भविष्य यदि हम सुंदर और सुरक्षित बनाना चाहते है तो देश में समान नागरिक संहिता को लागू किया जाना ही चाहिए। पंथ निरपेक्ष भारत का संविधान जब समानता की बात करता है तो कई कानूनों के माध्यम से किसी वर्ग विशेष के लिए उसे विशेषाधिकार कैसे प्रदत्त हो सकते है। संविधान की भावना सर्व धर्म सम्मान के लिए भी नागरिक संहिता भी तो समान होनी चाहिए।

यह बात आज भायंदर में नरेंद्र मोदी विचार मंच के तत्वाधान में इस विषय पर आयोजित संगोष्ठी में मुख्य वक्ता तथा समारोह के अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार कन्हैयालाल खंडेलवाल ने अपने संबोधन में कही।

उन्होंने कहा कि जब विश्व के कई देश यथा अमेरिका, आयर्लेंड, पाकिस्तान, बांग्लादेश मलेशिया, तुर्की, इंडोनेशिया, सूडान,इजिप्ट आदि में भी ऐसे कानून लागू है। समान नागरिक संहिता का उल्लेख भारतीय संविधान के भाग 4 के अनुच्छेद 44 में भी है।

गोष्ठी में नरेंद्र मोदी विचार मंच के राष्ट्रीय सचिव व्यास कुमार रावल ने अपने संबोधन में समान नागरिक संहिता के निर्देशक तत्वों पर प्रकाश डाला। विचार मंच के जिलाध्यक्ष एडवोकेट तरुण शर्मा ने कानूनी पहलुओं को समझाया। महामंत्री गोरांग शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन किया। वरिष्ठ नगरसेवक मदनसिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष किशोर शर्मा आदि भी मंच पर उपस्थित थे। वरिष्ठ पत्रकार देवेंद्र पोरवाल ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## भीनमाल के आदर्श स्कूल में जिला स्तरीय आचार्य सम्मेलन का समापन

**[मारवाड़ चेतना न्यूज नेटवर्क]**

**भीनमाल।** आदर्श विद्या मंदिर उच्च प्राथमिक विद्यालय भीनमाल में चल रहे चार दिवसीय जिला स्तरीय आचार्य सम्मेलन का समापन सोमवार को हुआ। समापन समारोह में आचार्यो को संबोधित करते हुए विद्या भारती जोधपुर प्रांत सहमंत्री भैरूपाल सिंह ने कहा कि शिक्षा का कार्य सबसे पुनीत कार्य है।

सेवा, समर्पण और त्याग की भावना के साथ शिक्षा के कार्य को करना चाहिए। वहीं सभी को ब्रम्ह मुहूर्त में उठना चाहिए। नियमित शारीरिक योगाभ्यास व प्राणायाम करना चाहिए। वही विद्यालय में शारीरिक, योग, संगीत, संस्कृत, आध्यात्मिक और नैतिक शिक्षा को अनिवार्य पढ़ाना चाहिए। बच्चों को खेल खेलने के लिए प्रेरित करना व घर पर नियमित स्वाध्याय करना चाहिए। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष भंवरलाल कानूगो, जिला सह व्यवस्थापक रतनलाल अग्रवाल, शंकरलाल राजपुरोहित, प्रतापचंद राजपुरोहित, दलपतसिंह ओपावत, श्यामसुन्दर शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## बस स्टेशन टर्मिनल के लिए भूमि देने हेतु राज्य सरकार ने किए आदेश

### दानदाता तैयार हो तो भीनमाल में भी बन सकता है बढ़िया बस टर्मिनल

**मारवाड़ चेतना न्यूज नेटवर्क**

***भीनमाल। राज्य सरकार प्रदेश में बस अड्डो के लिए राजस्व की जमीन देने को तैयार है और दानदाता यदि आगे आए तो बढ़िया बस टर्मिनल का निर्माण किया जाकर परिवहन सेवाओं में उन्नयन किया जा सकता है।***

गत 2 मई को राजस्व विभाग के शासन उप सचिव द्वारा इस संबंध में जारी की गई अधिसूचना के बाद राज्य पथ परिवहन निगम के डिपो प्रबंधक ओम लिलावत ने नगरपालिका को एक पत्र प्रेषित कर निगम को बसड्डे, कार्यालय और कार्यशाला के लिए निशुल्क जमीन आवंटित करने की मांग की है। वर्तमान में जो भीनमाल का बस स्टेशन है, वह पालिका द्वारा ही किराए पर दिया हुआ है लेकिन अपर्याप्त होने के कारण निगम ने राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप स्वय के लिए जमीन आवंटन की मांग की है। पत्र में बताया गया है कि भीनमाल जालोर मार्ग पर मेघवाल छात्रावास के पास नए बस स्टेशन टर्मिनल के लिए भूमि आवंटित की जा सकती है।

प्रश्न यह है कि भूमि आवंटन के पश्चात बस अड्डे का निर्माण कौन करवाएगा। जिस तरह से दानदाताओं ने स्कूल भवन, चिकित्सालय आदि के निर्माण करवाए है, उसी तरह बस स्टेशन के लिए यदि कोई दानदाता आगे आता है तो यात्री सुविधाओं का विकास हो सकता है और भीनमाल की शोभा में अभिवृद्धि भी होगी।

## मुंबई में हुआ बी के गीता बहन का सम्मान




**मुंबई ( मारवाड़ चेतना )।** मुंबई मे इंटरनेशनल इंडियन फिल्म एंड टेलीविजन अवार्ड समारोह में भीनमाल ब्रह्मा कुमारी केंद्र की प्रभारी बी के गीता बहन को सम्मानित किया गया। मुंबई हाईकोर्ट की एडवोकेट स्नेहसिंह ने उन्हे सम्मानित किया।

## जिला कलक्टर ने बालसमंद व वणधर बांध का किया निरीक्षण

**[मारवाड़ चेतना न्यूज नेटवर्क]**

**भीनमाल।** जिला कलक्टर निशांत जैन ने यहाँ पहुंचकर वणधर बांध व शहर के बालसमंद बांध व जाकोब तालाब का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने बालसमंद बांध व जाकोब तालाब के पानी को साफ सुथरा रखने के निर्देश दिए।

उन्होंने बालसमंद बांध की पाल पर जहाँ–जहाँ मिट्टी का कटाव हुआ है, वहाँ मरम्मत करने के निर्देश दिए। उन्होंने जाकोब तालाब पहुचकर वहां पर क्षेत्रपाल नीम गोरिया मंदिर के दर्शन किए। उन्होंने जाकोब तालाब का पानी साफ–सुथरा बना रहे, इसके लिए ईओ प्रकाश डूडी को प्लानिंग बनाने के निर्देश दिए। जाकोब तालाब से दादेली बावड़ी तक 30 लाख रूपए की लागत से लगने वाली जिपलाइन प्रोजेक्ट के बारे में विस्तार से जानकारी ली।

## 40 रेलवे स्टेशन बनेंगे वर्ल्ड क्लास, पीएम देंगे सौगात

**[मारवाड़ चेतना न्यूज नेटवर्क]**

**जयपुर।** चुनावी साल राजस्थान के लिए सौगात लेकर आया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छह अगस्त को राजस्थान के 40 रेलवे स्टेशनों को विश्वस्तरीय बनाने की सौगात देंगे। प्रधानमंत्री मोदी वर्चुअली कार्यक्रम के तहत शिलान्यास कार्यक्रम से जुड़ेंगे। जबकि इन रेलवे स्टेशनों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। रेलवे अधिकारियों के अनुसार अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देशभर के 500 रेलवे स्टेशनों का कायकल्प किया जा रहा है। इनमें राजस्थान से जयपुर जंक्शन, गांधीनगर, जैसलमेर, फालना, बांदीकुई, नारनौल, पाली मारवाड़, मावली समेत 40 स्टेशन शामिल किए गए है।

## राजस्थान सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी

**राजस्थानः स्थिति, विस्तार, भौतिक स्वरूप एवं आकृति**

**1. बावड़ियों का शहर (City of Step Well) के नाम से प्रसिद्ध शहर है**
(A) जयपुर (B) भरतपुर
(C) बूंदी (D) बांदीकुई

**2. निम्न में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित नहीं है ?**
(A) रणकपुर-हजार खंभों का शहर
(B) उदयपुर-पूर्व का वेनिस
(C) डीग- जलमहलों की नगर
(D) जोधपुर-स्वर्ण नगरी

**3. 'पीले पत्थरों का शहर' उपनाम से राज्य का कौन-सा नगर प्रसिद्ध है ?**
(A) जालोर (B) जैसलमेर
(C) जोधपुर (D) भरतपुर

**4. निम्न में से सही सुमेलित नहीं है**
(A) बाँसवाड़ा- सौ द्वीपों का शहर
(B) अजमेर- राजस्थान का हृदय
(C) गंगानगर- राजस्थान का अन्नागार
(D) चित्तौड़गढ-राजस्थान का जिब्राल्टर

**5. यादव वंश का शासन राजस्थान के किस भू-भाग पर था ?**
(A) करौली (B) जैसलमेर
(C) हनुमानगढ़ (D) उपर्युक्त सभी

**6. चौहानों ने राज्य के किस क्षेत्र पर शासन किया**
(A) अजमेर (B) कोटा-बूंदी
(C) सिरोही, जालोर-सिवाणा (D) उपर्युक्त सभी

**7. असत्य युग्म का चयन करें-**

| | क्षेत्र का नाम | शामिल भू-भाग |
|---|---|---|
| (A) | यौधेय | हनुमानगढ़-गंगानगर एवं आस-पास का क्षेत्र |
| (B) | गौड़वाड़ | पं. सिरोही, द. पूर्वी बाड़मेर एवं जालोर |
| (C) | चन्द्रावती | सिरोही, आबू एवं आसपास का क्षेत्र |
| (D) | शिवि, मेदपाट एवं प्राग्वाट | अजमेर एवं चित्तौड़गढ़ |

**8. राजस्थान के पहले एवं एकमात्र राजप्रमुख थे**
(A) महाराजा भवानीसिंह
(B) उदयपुर महाराणा भूपालसिंह
(C) उदयपुर महाराणा भीमसिंह
(D) जयपुर महाराजा सवाई मानसिंह

**9. राजस्थान के प्रथम राज्यपाल थे**
(A) सरदार सिंह
(B) सरदार गुरूमुख निहाल सिंह
(C) सरदार जोगेंन्द्र सिंह
(D) श्री दरबारा सिंह

**10. राजस्थान के सर्वाधिक अवधि तक कार्य करने वाले मुख्यमंत्री थे**
(A) श्री जयनारायण व्यास
(B) श्री भैंरोसिंह शेखावत
(C) श्री हरिदेव जोशी
(D) श्री मोहनलाल सुखाड़िया

**उत्तर-1 (c), 2 (d), 3 (b),4 (d),5 (d),6 (d),7(d),8(d),9(b),10(d)**




लघु कथा

# बेटी का बाप

डिलीवरी वाला....
च्उफ्फ...मोबाइल भी गया
मैं मन ही मन बुदबुदाई। मूसलाधार बारिश में रोड पर घुटने तक पानी भर आया। मैं ऑफिस से आज इस कारण लेट भी हो गई तीन सालों में ऐसा पहली बार हुआ है पैदल ही सड़क पार करते समय फिसल गई और मोबाइल पानी में भीग कर खराब भी हो गया। ऑटो वाले कहीं दिख नहीं रहे हैं। दूसरे वाले रोड पर पानी कम लगता है। कुछ सोच उस तरफ बढ़ी। शायद उस रोड पर कोई ऑटो रिक्शा मिल जाए। एक तो अंधेरा और उसपर ये बारिश। डर भी लग रहा था। इस रोड को पार कर मैं दूसरी तरफ वाली रोड पर आई ही थी कि तभी चेहरे पर टार्च की रोशनी पड़ी। मैं किसी तरह हिम्मत कर के पास ही रोड किनारे एक शेड में पहुँची। रौशनी की दिशा से कुछ दो-तीन लोग आते दिखे। रात तो कोई ज्यादा नहीं पर इस छोटे शहर के हिसाब से ज्यादा ही है मां परेशान हो रही होगी। मैंने भगवान को मन ही मन पुकारा। कोई एक ऑटो भेज दें। पर दूर दूर कोई रिक्शा नज़र नहीं आ रहा था। वे तीनों मेरी ही तरफ बढ़ते आ रहे थे। मेरा गला सूखता गया। अचानक से वे उसी शेड में आकर मेरे आस पास घिर कर खड़े हो गए। अजीब नज़रों से देखते जा रहे थे। एक दूसरे से भद्दी बातें कर रहे थे और नशे में लग रहे थे। मैं आँख बंद कर भगवान को याद करने लग गई। पर्स में रखा नेलकटर को मैंने कस कर मुठी में पकड़ लिया। तभी दूर से आती एक स्कूटी वहां से गुजर रही थी। कुछ दूर आगे बढ़कर वापस जहां मैं थी वहीं रुकी। स्कूटी देख समझ आया किसी रेस्टुरेंट का डिलीवरी वाला है
'मैडम! ऑटो या कोई रिक्शा वाला अब इस जगह नहीं रुकते, आपको आगे मोड़ पर मिलेंगे..आइये मैं आपको वहां तक छोड़ दूं'
तीनों उसे घूर रहे थे। मुझे और कुछ नहीं सूझा उस वक्त। मैं जाकर स्कूटी के पीछे बैठ गई। डर अब भी लग रहा था। आगे मोड़ पर भी कोई ऑटो रिक्शा नहीं था
आपको जाना कहा है....
जे ब्लॉक...सुभाष नगर...
इसने बिना कुछ बोले मुझे मेरे घर तक छोड़ दिया। इस भाई के लिए दिल से दुआएं निकल रही थीं। माँ घबराहट में मेरा बाहर ही इन्तेजार कर रही थी। हमें छोड़ वो निकलने लगा...
तो माँ ने जाते-जाते उससे पूछ लिया
'तुम कौन हो बेटे....'
वो हेलमेट लगा ये कहता हुआ निकल गया
'मैं एक बेटी का बाप हूँ आँटी.....'

# एक अगस्त से जयपुर एयरपोर्ट पर शुरू हो गई घरेलू कार्गो सेवा, इन सामानों को भेजने में होगी आसानी



- ❑ नया कार्गो टर्मिनल अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे और सुविधाओं से सुसज्जित।
- ❑ सेवा के लिए इंडिगो एयरलाइंस हुआ ऑनबोर्ड।
- ❑ जरूरी सामानों को किया जा सकेगा ट्रांसपोर्ट।

**जयपुर।** जयपुर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा एक नई शुरुआत करने जा रहा है। यहां 2300 मीट्रिक टन प्रति माह की क्षमता वाली एक घरेलू कार्गो इकाई 1 अगस्त से चालू हो जाएगी। इंडिगो एयरलाइंस पहले ही इसमें ऑनबोर्ड हो चुकी है जिसके बाद एयरलाइंस अब अपने पूरे घरेलू कार्गो कारोबार को एयरपोर्ट के टर्मिनल 1 पर नई कार्गो इकाई से संचालित करेगी।

जयपुर हवाई अड्डे के प्रवक्ता ने कहा-हमारी योजना विभिन्न व्यापार-संबंधित हितधारकों के साथ जुड़ने और उन्हें यह समझने में मदद करने की है कि नई सुविधाएं क्षेत्रीय और राष्ट्रीय विमानन कार्गो केंद्रों तक कार्गो की सुरक्षित आवाजाही को कैसे सक्षम कर सकती हैं। हवाईअड्डा प्रशासन को राज्य और संघ नियामक एजेंसियों से सभी आवश्यक सरकारी अनुमतियां और अनुमोदन प्राप्त हो गए हैं। कार्गो इकाई को संचालित करने के लिए टैरिफ और अन्य रेट कार्ड भारत के हवाईअड्डा आर्थिक नियामक प्राधिकरण (एईआरए) द्वारा तय और निर्धारित किए जाते हैं।

नई घरेलू कार्गो इकाई में पर्याप्त पार्किंग स्थान और सभी हितधारकों के लिए सीधा प्रवेश द्वार है और इनबाउंड और आउटबाउंड कार्गो के प्रभावी प्रबंधन में सहायता के लिए कई विशेषताएं हैं। विशेष रूप से, इस सुविधा में 3 ट्रक बे (2 आउटबाउंड के लिए और 1 इनबाउंड कार्गो के लिए), तीन डॉक लेवलर और दो फोर्कलिफ्ट शामिल हैं।

सुविधा में एक स्ट्रांग रूम, कोल्ड स्टोरेज और सामान भंडारण एरिया है, जो विमानन कार्गो नियामकों द्वारा निर्धारित मानदंडों को पूरा करते हैं।

कार्गो यूनिट में प्राप्त और भेजे गए सामान की जांच के लिए दो 100 ङ्क 100 रे बैगेज निरीक्षण सिस्टम (ङ्क्कुस मशीन) और एक विस्फोटक ट्रेस डिटेक्शन उपकरण शामिल हैं।

**ये सामान भेजे जा सकेंगे**

इससे फल, सब्जियां, खाद्य पदार्थ, फ्रोजेन मछली, स्पेयर पार्ट्स और कपड़ा, डाकघर (पीओ) मेल, कूरियर आइटम, कीमती सामान (आभूषण), फार्मा के लिए रक्त के नमूने, दस्तावेज/सामान्य, और ई-कॉमर्स आदि आइटम भेजे जा सकेंगे।

हितेश खण्डेलवाल दिनेश खण्डेलवाल
ASHIRWAD Flex Banner
आशीर्वाद फ्लैक्स बैनर
डिजाईन प्रिण्टींग पेस्टींग
दुकान नं. 05, खेतावत मार्केट, रोड़वेज बस स्टेण्ड के पीछे, भीनमाल (जालोर)
9413854449 8306557546
hitkhandelwal@gmail.com

मारवाड़ चेतना बिजनेस कनेक्ट
आपके व्यापार अथवा पेशेवर सेवाओं को विस्तार देने और अधिकाधिक लोगों तक पहुँचाने के लिए मारवाड़ चेतना के इस बिजनेस कनेक्ट पेज पर अत्यंत रियायती दर पर हम आपके विज्ञापन का प्रकाशन करेंगे। बिजिटिंग कार्ड साईज विज्ञापन का एक अंक का मात्र 600/- रुपये और वर्ष भर के 50 अंकों के लिए मात्र 15000/- रुपये की लागत रहेगी।
संपर्क करें - 9820738681

जन्म पत्रिका, वर वधू मिलान, विवाह, नक्षत्र शांति, अर्क विवाह, कुम्भ विवाह, वास्तु शान्ति, नवग्रह हवन, नवचण्डी यज्ञ, दुकान मुहूर्त आदि किसी भी कार्य के लिए द्वारिका, राष्ट्रीय वेद विश्व विद्यालय उज्जैन व सोमनाथ संस्कृत विश्व विद्यालय से अध्ययन कर लौटे
भीनमाल निवासी .
वैभव प्रवीण त्रिवेदी सामवेदी
(ज्योतिष, कर्मकांड व वास्तु विशेषज्ञ)
उपरोक्त सेवाओं के लिए अब मुंबई में उपलब्ध है
संपर्क - 8511005084
पता: ओरियन बिल्डिंग, रेलवे बेकरी के सामने, ग्रांट रोड़ पूर्व, मुंबई-400 007

MAHA RERA - A51900010691
मुंबई वडाला से चेंबूर तक के क्षेत्र में कोई भी रेजिडेंशियल या कॉमर्शियल प्रॉपर्टी खरीदने बेचने के लिए संपर्क करें।
Hiren Prajapati
91-9560316333 Ph.: 022-24035574
Shreenathji & Associates
Property Consultant: Residential & Commercial
Selling of Properties in Resale & New Projects
Head Office : Building No. M-10, 'B' Wing, Shop No. 3,Nisarg CHS., Pratikasha Nagar, Sion (E), Mumbai-400 022
Branch-1: Flat No. 13, Building No. 13, Shiv Prerna S.R.A., Behind Bussa Industrial Estate, Prabhadevi, Mumbai-400 022
Branch-2: Mamta Soc., Shop No. 9, Jerbai Wadia Road, Near Vithal Mandir, Sewree, Mumbai-400 015
Email: shreenathjiapc@gmail.com

मुंबई में किसी भी प्रकार के प्रिंटिंग कार्य यथा बुक, लेटरहेड, ब्राउचर्स, बैनर, डिजिटल बोर्ड, डायरेक्टरी आदि के लिए प्रतिष्ठित संस्थान
चेतना पब्लिकेशन
रवि खंडेलवाल - 9920902714

UMMEDMAL TILOKCHAND ZAVERI
GOVT. APPROVED VALUERS
A House of Exlusive Designer Jewellery
51, Dagina Bazar, Mumbadevi Road, Mumbai-02 Ph.: 2241 3333/4
BUREAU OF INDIAN STANDARDS HALLMARKED JEWELLERY
यू.टी. जवेरी
Huges Road
GOVT. APPROVED VALUERS
UTZ Diamond Jewellery-Gold Jadau Antique-Kundan Jewellery
www.utzaveri.com, Email: utzaveri.utz@gmail.com
शॉप नं. 11-ए, धरम पैलेस, ह्यूजीस रोड़, मुंबई 400 007
फोन नं. 23670869, 23610183, 23679575
UTZ
U. T. ZAVERI & SONS
UMMED JEWELLERS NX
Exclusive Gold, Diamond & Solitaire Jewellery
36, Dagina Bazar, Mumbadevi Road, Mumbai-400 002
+91 22 49763417 utzaverisons@gmail.com
Solitaire : Diamond Exporters, Importers & Manufacturer
एई-5010, ए-टॉवर, भारत डायमण्ड बोर्स, बान्द्रा कुर्ला कॉम्पलेक्स, बान्द्रा (पूर्व), मुंबई-400 051 फोन: 40040249 / 33923639 Qbc-3639
MAJOR CREDIT CARD ACCEPTE

जालोर नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड
प्रधान कार्यालय-हरिदेव जोशी सर्किल के पास, जालोर- 343001 (राजस्थान)
Bank Helpline No. :- + 91-9079806434 Email ID:- headoffice@jalorebank.com | Bank Website: www.jalorebank.com
ऋण योजनाएँ
01. MSME Loan (Cash Credit / MT Loan)
02. केश क्रेडिट लिमिट योजना (Hypothecation of Good)
03. केश क्रेडिट लिमिट योजना (Mortgage of property)
04. अचल संपत्ति के विरूद्ध व्यक्तिगत ऋण (व्यवसाय हेतु) (LAP.M)
05. अचल संपत्ति के विरूद्ध व्यक्तिगत ऋण (LAP)
06. व्यक्तिगत ऋण योजना
07. भवन निर्माण ऋण योजना
08. होम टॉप अप योजना
09. वाहन ऋण योजना
10. "Nagrik Mitra" Loan Scheme
वित्तीय सुदृढ़ता
- 17500 हजार से अधिक अंशधारकों का मजबूत आधार।
- ग्राहकों के 33 वर्षों के विश्वास एवं अटूट सम्बन्धों के कारण सम्पूर्ण प्रदेश मे अग्रणी अरबन को-ऑप. बैंक के रूप में पहचान।
- 70,000 ग्राहकों का Customer Base
- RBI द्वारा निर्धारित "Financially Sound & Well Managed Bank" के समस्त मापदण्डों की पूर्णता ।
- अन्तराष्ट्रीय स्तर पर FCBA अवार्डो द्वारा सम्मानित।
- बैंक का कुल व्यवसाय रू. 520 करोड़ के पार।
- पूंजी पर्याप्तता अनुपात 21% से अधिक एवं लगातार लाभार्जन करने वाली बैंक ।
- गत दो वर्षों से लगातार 10% की दर से लाभांश वितरण।
- शुद्ध एन.पी.ए. शून्य स्तर पर।
- बैंक में 5 लाख तक की जमाएँ DICGC योजना के अर्न्तगत सुरक्षित बीमा उपलब्ध।
- बैंक के शेयर होल्डर्स हेतु व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा ।
- सम्पूर्ण देश में ATM नेटवर्क से जुड़ाव
- PMJJBY & PMSBY स्कीम के अन्तर्गत बीमा सुविधा उपलब्ध।
परमानन्द भट्ट मुख्य कार्यकारी अधिकारी
सीए मोहन पाराशर अध्यक्ष
ललित कुमार दवे उपाध्यक्ष
संचालक मण्डल सदस्यगण: दिनेश परमार, गणेश राम मीणा, गिरिश बंसल, श्री कनिष चौधरी, कान्तिलाल भण्डारी, मोहनलाल, मोहनलाल परमार, नम्रता जैथलिया, श्यामलाल बोहरा, उषा कुमावत
सहवृत संचालक सदस्यगण: हेमताराम प्रजापत, निखिल दवे

# पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने महिलाओं को किया सम्मानित



**मारवाड़ चेंतना न्यूज नेटवर्क**


**जयपुर।** इनाया फाउंडेशन व थ्रेड्स एंड टोग्स के साझा तत्वावधान में वूमन ऑफ वंडर-2023 का आयोजन किया गया। जिसकी ब्रांड एम्बेसेडर पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे है। वसुंधरा राजे के द्वारा राजस्थान के कोने कोने से अलग-अलग क्षेत्रों में बेहतरीन कार्य और मुकाम हासिल करने वाली नारी शक्ति को सम्मानित किया गया। दरअसल कार्यक्रम में बांसवाड़ा जिले की कराटे कोच एवं एंटी करप्शन एंड क्राइम कंट्रोल कमिटी की महिला सेल की पदाधिकारी लक्ष्मी पटेल, भुनेश्वरी मलोट और महावीर इंटरनेशनल की बांसवाड़ा अध्यक्ष भूमिका छाबड़ा ब्रांड एंबेसडर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ बांसवाड़ा को वसुंधरा राजे के द्वारा सम्मानित किया गया । गौरतलब है कि इसने दिव्यांगता को नहीं बनने दिया बाधा और लक्ष्य को हासिल किया।

वहीं कराटे कोच के क्षेत्र में अपने दम पर न केवल राजस्थान बल्कि पूरे देश में अलग पहचान बनाने वाली लक्ष्मी पटेल, भुनेश्वरी मलोट व भूमिका छाबड़ा को भी सम्मानित किया गया । इनके बेहतरीन कार्य की वसुंधरा राजे ने प्रशंसा भी की ।लिहाजा कार्यक्रम में पूरे राजस्थान से भारी संख्या में महिला शक्ति पहुंची । सभी ने महिलाओं को प्रोत्साहित किया। इस बीच महिलाओं में अति उत्साह देखने को मिला ।

# जवाई बांध के गेट समय पर खोले जायें-सांसद पटेल

## पूर्ण भराव पर एक साथ गेट खोलना बहाव क्षेत्र के लिए बन सकता के आफत

क्षेत्रीय सांसद देवजी पटेल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पुन: पत्र भेजकर बताया कि जवाई बांध में पानी की निरंतर आवक को देखते हुए समय पर जवाई बांध के गेट खोलकर जवाई नदी को पुनर्जीवित करने किया जाए अन्यथा एक साथ जवाई बांध के गेट खोलना बहाव क्षेत्र के आस-पास के क्षेत्रों के लिए बनेगा आफत का कारण हो सकता है भारी नुकसान।




सांसद पटेल ने प्रेषित पत्र में बताया कि पाली जिले में स्थित मारवाड़ का अमृत सरोवर जवाई बांध क्षेत्र में लोगों के पेयजल एवं किसानों के सिंचाई का मुख्य स्त्रोत है। इस वर्ष बिपरजॉय चक्रवात के दौरान जून, 2023 में भारी बारिश सहित इस वर्ष मानसुन लगातार वर्षा के कारण बांध में अच्छी मात्रा में पानी की आवक हुई है। पूर्व में बांध की पूर्ण भराव क्षमता पर एक साथ जवाई नदी में पानी छोड़ा जाता था, जिससे क्षेत्र के किसानों को फायदा नही होने के बजाय एक साथ नदी में ज्यादा वेग के साथ पानी बहने से बहाव क्षेत्र के आस-पास कृषि उपजाऊ भुमि के कटाव सहित अन्य नुकसान होता है।

# जिला मुख्यालय पन बनेगा वायु गुणवत्ता सूचकांक केन्द्र

**[ मारवाड़ चेतना न्यूज नेटवर्क ]**


**जालोर।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में जिला पर्यावरण समिति की बैठक संपन्न हुई जिसमें पर्यावरण संरक्षण संबंधी बिन्दुओं पर चर्चा हुई। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल ने जिले में ग्रेनाइट स्लरी की अवैध डंपिंग करने वालों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले के अस्पतालों से निकलने वाले बायो मेडिकल वेस्ट के सुचारू रूप से निस्तारण करने की बात कही। बैठक में प्रदूषण नियंत्रण मण्डल के कनिष्ठ अभियंता शंकर विश्नोई ने बताया कि जिले में वायु गुणवत्ता सूचकांक और एक्यूआई के मापन के लिए जिला कलेक्ट्रेट परिसर एवं नगर परिषद में एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग स्टेशन की स्थापना की जाएगी जिससे आमजन को वायु गुणवत्ता की जानकारी मिल सकेगी। बैठक में जिले में सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग के रोकथाम के लिए प्रभावी मॉनिटरिंग करने तथा आमजन को जागरूक कर कपड़े, जूट व कागज से बनी कैरी बैग्स का उपयोग करने को लेकर प्रोत्साहित करने की बात कही।



## शोक श्रद्धांजलि

# श्रीमती निर्मला देवी गुलाबचंद खंडेलवाल

**स्वर्गवास : 18.07.2023**



आपकी सरलता, आपकी उदारता
सदा हमारा मार्गदर्शन करेगी।
आपके निधन पर हम सभी
नतमस्तक भाव से श्रद्धा वनत है।

**शोकाकुल**

पति : गुलाबचंद
पुत्र-पुत्रवधु : धर्मेंद्र-परमेश्वरी
संजय-सुमन
भाई : मोहनलाल, हस्तीमल

भतीज : सतीश , दिनेश ,मुकेश,
प्रवीण, मनोज, देव,अमित,
संदीप, भुपेंद्र
पौत्र : जतीन, रिशी, नकक्ष, ज्ञान

**समस्त नाटाणी, खंडेलवाल परिवार**

भरुडी हाल कोल्हापुर

## समदड़ी भीलडी रेल मार्ग

# समदड़ी से जालोर तक पूरा हुआ विधुत्तीकरण 100 की स्पीड से इलेक्ट्रिक ट्रेन का ट्रायल

[मारवाड़ चेतना न्यूज नेटवर्क]

**जालोर।** उत्तर-पश्चिम रेलवे के जोधपुर मण्डल ने समदड़ी से जालोर रेलवे स्टेशनों के बीच रेल विद्युतीकरण का कार्य पूरा होने के पश्चात इस मार्ग पर 100 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड से इलेक्ट्रिक ट्रेन से ट्रायल किया गया, जो सफल रहा।

जालोर में समदड़ी से जालोर के बीच 59 किलोमीटर रूट का ट्रायल किया गया। इसको लेकर समदड़ी से जालोर के बीच एक विशेष इलेक्ट्रिक ट्रेन जालोर रेलवे स्टेशन पर करीब 2 बजे पहुंची। इस दौरान जालोर स्टेशन पर जोधपुर मण्डल के रेलवे अधिकारियों ने इंजन की पूजा अर्चना कर आरती उतारी। यहां से पुन: करीब 2.15 बजे यह विशेष ट्रेन समदड़ी के लिए रवाना हो गई। ट्रेन के संचालन के दौरान किसी तरह की रूकावट नहीं होने से ट्रायल संचालन सफल रहा। उत्तर-पश्चिम रेलवे जोन के प्रधान मुख्य बिजली इंजीनियर राजेश मोहन ने अपर मण्डल रेल प्रबंधक ओपी मनोज जैन के साथ इलेक्ट्रिक स्पेशल ट्रेन में समदड़ी से जालोर रेलवे स्टेशनों के बीच इलेक्ट्रिक स्पेशल ट्रेन 100 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से ट्रायल किया। इस दौरान पीसीईई राजेश मोहन ने जोधपुर मण्डल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समदड़ी स्टेशन से जालोर स्टेशन के मध्य स्थित एलसी गेट नं. 09 एवं 45 तथा बालवाड़ा स्टेशन पर पॉवर सब स्टेशन, बिशनगढ़ स्टेशन पर पॉवर सब स्टेशन, राखी स्टेशन एवं जालोर स्टेशन का निरीक्षण कर जालोर स्टेशन के फुट ओवर ब्रिज का निरीक्षण किया।

### 3 चरण में हो कार्य

इलेक्ट्रिफिकेशन के पहले चरण के तहत समदड़ी-जालोर के बीच करीब 59 किमी. का रेल मार्ग के इलेक्ट्रिफाइड का कार्य पूरा हो गया। दूसरे चरण में भीलड़ी से रानीवाड़ा-भीनमाल रेल मार्ग इलेक्ट्रिफाइड होगा। यह मार्ग रेलमार्ग करीब 90 किलोमीटर का है। वहीं तीसरे चरण में जालोर-भीनमाल का 70 किलोमीटर का रेल मार्ग इलेक्ट्रिफाइड होगा। तीनों चरण 2023 के अंत तक पूरे होने है और भीलड़ी-समदड़ी के 223.44 किलोमीटर के इस रूट पर इलेक्ट्रिक ट्रेनों का संचालन होगा।

### जालोर में पहली रेल 1929 में दौड़ी थी

जालोर में रेलवे यह मार्ग आजादी से पूर्व अंग्रेजों के शासन काल का है। यहां इस मार्ग पर पहली रेल 15 मार्च 1929 में दौड़ी थी। जालोर रेलवे ने इन 94 वर्षो में काफी-उतार चढ़ाव भी देखे। वर्ष 2006 में यहां पर मीटर गेज ट्रेनों का संचालन बंद हो गया था। यहां करीब 3 साल तक मीटर गेज को ब्रोडग़ेज में परिवर्तित करने का समय लगा। यहां 2009 में ब्रोडगेज का संचालन शुरू हुआ था। वहीं 31 जुलाई 2023 को जालोर-समदड़ी के बीच इलेक्ट्रिक रूट तैयार होने पर पहली बार इलेक्ट्रिक ट्रायल ट्रेन का संचालन हुआ।

## महिलाओं को मिलेंगे स्मार्ट फोन एवं डाटा सिम, लगेंगे शिविर

[मारवाड़ चेतना न्यूज नेटवर्क]

**जालोर।** इंदिरा गांधी स्मार्ट फोन योजना के माध्यम से जिले में महिलाओं को स्मार्ट फोन एवं डाटा सिम वितरण करने के लिए शिविर आयोजित किए जाएंगे।

अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री बजट घोषणा के अनुसरण में चिरंजीवी परिवारों की महिला मुखियाओं को स्मार्ट फोन मय इन्टरनेट कनेक्टिविटी उपलब्ध करवाने के लिए इंदिरा गांधी स्मार्ट फोन योजना आरम्भ की गई है। इसके लिए जिले में 10 अगस्त से शिविरों का आयोजन होगा। प्रथम चरण में राज्य की लगभग 40 लाख चिरंजीवी परिवारों की महिला मुखिया को एक मुश्त डीबीटी के माध्यम से योजना का लाभ दिया जाएगा। जालोर जिले में लगभग 82000 महिला मुखिया को लाभ दिया जाएगा। योजना के तहत लाभार्थियों को दिए जाने वाले स्मार्टफोन की सहायता से दूर-दराज के क्षेत्रों में पढ़ रही छात्राओं की सुरक्षा के साथ-साथ सरकार द्वारा वंचित और कमजोर वर्ग के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के लाभ की जानकारी प्राप्त हो सकेगी।

प्रथम चरण में इन्हे योजना के लाभ के लिए

## केन्द्र सरकार की योजनाओं से करवाया अवगत

[मारवाड़ चेतना न्यूज नेटवर्क]

**आहोर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के 9 साल पूर्ण होने पर जनसम्पर्क से जनसमर्थन अभियान के अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र के रोडला में विधायक छगनसिंह राजपुरोहित व चांदराई मण्डल अध्यक्ष मांगीलाल राव के नेतृत्व में भाजपाइयों की ओर से ग्रामीणों को केन्द्र की भाजपा सरकार की नीतियों व कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया।

इस मौके रोडला सरपंच, हुकमसिंह राठौड़ पूर्व सरपंच भीखाराम वावदरा, चांदराई युवा मोर्चा अध्यक्ष रामदेवसिंह समेत कई जने मौजूद रहे।

## जोडवाड़ा की 5 महिलाओं को कैंपर ने कुचला, 2 की मौत

[मारवाड़ चेतना न्यूज नेटवर्क]

**भीनमाल।** जोड़वाड़ा से भीनमाल के क्षेमंकरी माताजी मंदिर पैदल दर्शन करने आ रही 5 महिलाओं को शहर के रामसीन रोड़ पर एक बोलेरो कैंपर चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए कुचल दिया। 1 युवती की मौके पर ही मौत हो गई। एक महिला ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार सोमवार को जोड़वाड़ा निवासी प्रिया कुमारी (18) पुत्री चूनाराम पुरोहित व टीपू (40) पत्नी मसराजी पुरोहित तीन अन्य महिलाओं के साथ भीनमाल के क्षेमंकरी माताजी दर्शन के लिए आ रही थी। शहर के 72 जिनालय के पास चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए एक युवती एवं 4 महिलाओं को टक्कर मार दी। इसमें प्रिया कुमारी की मौके पर ही मौत हो गई। टीपू देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। उसकी गुजरात के मेहसाणा में इलाज के दौरान मौत हो गई। तीन अन्य महिलाओं को भी चोटे आई है।

### हर वर्ष सावन माह में आती थी दर्शन करने

परिजन ने बताया कि जोड़वाड़ा की प्रिया कुमारी सहित अन्य महिलाएं हर वर्ष श्रावण मास में भीनमाल के क्षेमंकरी माताजी में कुलदेवी के दर्शन के लिए पैदल आती थी। सोमवार को भीनमाल पहुंचने वाली थी कि रामसीन रोड़ पर कैंपर चालक ने टक्कर मार दी। दोनों मृतका आपस में रिश्तेदार है। पुलिस निरीक्षक लक्ष्मणसिंह चंपावत ने बताया कि आरोपी ट्रोला चालक को गिरफ्तार कर ट्रोला बरामद कर दिया है।

।। ॐ क्षेमकरी माताय नमः ।।
नवीं पुण्यतिथि (5 अगस्त 2023)
सादर स्मरण



स्व. श्रीमती चंचल कंवर मेहता
(धर्मपत्नी स्व. श्री गोविन्दचंद सा मेहता)

मॉं ममता का रूप है, मॉं सृष्टि का उजास।
मॉं है तो जीवन है, मॉं है सभी की सुवास।।

श्रद्धावनत

राजेश (से.नि. मुख्य अभियंता PWD)- अनिता, राकेश निधी (पुत्र-पुत्रवधु)
शोभा-नरेंद्रसा मोहनोत, संगीता-प्रकाशसा लोढा (पुत्री-जॅवाई)
स्व. दिनेश-सुरेखा, स्व. अरविद-संगीता, शैलेश-सोनिया (भतीजा-भतीजा वधू)
विजया-अविनाशसा, चेतना-अशोकसा (भतीजी-भतीजी जमाई)
शुभेश-रुची, अंशुल-भाविका, रजत-त्रिशा (पौत्र-पौत्र वधु)
चेष्टा-प्रवलसा (पौत्री-पौत्री जमाई)
विवान, रियान, वियाराह एवं सहर (पड पौत्र, पौत्री एवं दोहिती)
रमेश-रश्मी, स्व. महावीर-मंजू (भांजा-भांजा वधु)
दीपक, आदित्य-सोनम (दोहिता-दोहिता वधु)
निशिका-भाभा प्रसाद सा, शिखा-संदीपसा, मिशा-अमरसा, अनु-शरदसा (दोहीती-दोहीती जॅवाई)
निनाद, अंश, काव्या, केया, अंजलि, आल्या, अदविका, वरा (पड दोहीता-दोहीती)
एवं समस्त चील, मेहता परीवार

पीहर पक्ष
अकल कँवर (काकी), सी. आर.भंसाली-गुलाब, स्व. फतेहराज-मधु, प्रवीण-अरुणा, सुनील-अनिता, राजेंद्र-सुनीता, उपेंद्र-अंजु (भतीज-भतीज बहु), सुशीला प्रकाश चंद्रसा, नीलम रघुवीर राजसा, उषा गौतम चंदसा, रक्षा वीरेंद्रसा (भतीजी)
एवं समस्त भंसाली परिवार

मेहता इक्विटीज लिमिटेड, मुंबई

साप्ताहिक
**मारवाड़ चेतना**
605, ओरियन बिल्डिंग, रेलवे बेकरी के सामने,ग्रांट रोड़ पूर्व, मुंबई-400 007
मोबाईल: 9820738681
marwarchetna01@gmail.com

**भीनमाल कार्यालय**
माघ कॉलोनी, भीनमाल-343029, जिला जालोर (राज.)
फोन: 02969-220344/221981

**चेन्नई कार्यालय**
40, ए ब्लॉक, पहला माला, शॉप नं. 1, केआरपीपीएस कॉम्पलेक्स, नाटू पिल्लाय कोईल स्ट्रीट, चेन्नई-01 फोन: 48617657

**अहमदाबाद कार्यालय**
ए-1 ब्लॉक, नं. 101, श्रीमद् इलीगेंस, सोमनाथ मंदिर के पास, सिद्धसिला विराट नगर रोड़ के सामने, निकोल, अहमदाबाद मो.80158 13751

**हैदराबाद शाखा कार्यालय**
महादेव ट्रेडिंग कं., 4-3-339/340, जी-18, नवकार कॉम्पलेक्स, गुजराती गली, कोटि, हैदराबाद

**ब्यूरो**

चेन्नई
महेन्द्रदास निम्बार्क : 09840939303
रमेश खण्डेलवाल : 09444135769

हैदराबाद
करना राम बग : 09951362740

अहमदाबाद
रणछोड़भाई पटेल : 09426573644
हस्तीमल रामावत : 08015813751

बैंगलोर
लेखराज जैन : 09342886975

बोरीवली
बाबूलाल भाटी : 9323564621

हमारे प्रसार सहयोगी

**हैदराबाद**
बेगम बाजार मोहनसिंह राजपुरोहित 09441583694
बेगम बाजार भवानीसिंह राजपु. 09014762209
कमलानगर शंकरसिंह राजपुरोहित 09494949921

**मुंबई (महाराष्ट्र)**
मुंबई
हरीश विश्नोई 09833248581
सीटी सेंटर
नानजी राजपुरोहित 09892452254
पुणे
जबराराम पुरोहित 09975461451
लातूर
पीराराम चौधरी 09975728444
सूरत
बलवंत टेलर 9867011040
बड़ौदा
रतनाराम देवासी 09428073043
बैंगलोर
उत्तमसिंह 09448735531
हॉस्पेट
श्याम वैष्णव 09900998053
मैंगलोर
मोडसिंह पुरोहित 09480363956
मदुराई
लक्ष्मण सेन, पांथेड़ी 09994324393
केरला
भावेश पटेल 09895278017
लालाराम चौधरी 09745722698
विशाखा पट्टनम
सांवलसिंह 09030406985
तेनाली
कांतिलाल जैन 09440736222
हुबली
रमेश पटेल 09740337821
गंगावटी
प्रकाश राजपुरोहित 09448652005

- मारवाड़ चेतना के ग्राहक बनने एवं विज्ञापन आदि का भुगतान MARWAR CHETNA के नाम से चेक/ड्राफ्ट अथवा मनीआर्डर द्वारा भिजवायें। यदि हमारे प्रतिनिधि को भुगतान करें तो रसीद अवश्य प्राप्त करें।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक कन्हैयालाल खण्डेलवाल द्वारा मारवाड़ चेतना कार्यालय भीनमाल कॉलोनी, जिला जालोर, से प्रकाशित एवं भंडारी ऑफसेट, जोधपुर से मुद्रित, फोन: 02979-220344 संपादक कन्हैयालाल खण्डेलवाल, उपसंपादक दिनेश खण्डेलवाल। मुंबई कार्यालय मुंबई ऑफिस: 605, ओरियन बिल्डिंग, रेलवे बेकरी के सामने, ग्रांट रोड़ पूर्व, मुंबई-400 007 मो.-9820738681 Visit Us : www.marwarchetna.com Email-marwarchetna01@gmail.com
ब्यूरो-वैभव पी. त्रिवेदी

# मारवाड़ चेतना के संरक्षणगण


श्री सुखराज नाहर
मुंबई-भ्रीनमाल


संघवी श्री रमेश मुथा
चेन्नई-मांडवला


संघवी श्री सांकलचंद तातेड़
मुंबई-भीनमाल



श्री प्रकाश कानूगो
मुंबई-सांचौर


श्री अशोक जी. बोहरा
मुंबई-भन्दर


श्री राकेश मेहता
मुंबई-जोधपुर


श्री चुन्नीलाल संघवी
मुंबई-मालवाड़ा


संघवी श्री मोहनलाल जैन
मुंबई-बागरा


श्री रसिक भाई कोठारी
मुंबई-मंडार


श्री रतनसिंह राठौड़
मुंबई-तुरा


श्री जयंतिलाल चौहान
बैंगलोर-भीनमाल


श्री दिनेश सालेचा
मुंबई-भ्रीनमाल


श्री रमेश हरण
बैंगलोर-भीनमाल


श्री मांगीलाल रांका
मुंबई-भीनमाल


श्री नरसिंगमल जे. जैन
मुंबई-केरिया


संघवी श्री अशोक अरणाईया
मुंबई-हाइेचानगर


श्री जोगाराम चौधरी
भीनमाल


श्री देवेन्द्र जैन
वापी-भीनमाल


श्री अनिल टाणी
मुंबई-भीनमाल


श्री जोगसिंह राजपुरोहित
चेन्नई


श्री जैसाराम माली
चेन्नई


श्री अमर गहलोत
मुंबई-भीनमाल


श्री धींगड़मल पटवारी
चेन्नई

# भीतर आनंदस्त्रोत बह रहा ,फिर क्यों उदास है


विद्या उत्तम शाह

*जीवन सचमुच एक खुली किताब है उस पर अगर हम जाग्रत होकर नजर डालते हैं तो पाते हैं कि हर चीज हमें सिखा रही है कि हम किस तरह से आनंदित होकर जी सकते हैं। क्या कभी आपने देखा है जब बारिश की बूंदें हरे भरे वृक्षों छूती है तो वह किस तरह से लहलहा उठते हैं। और उसके बाद जब सूरज की रोशनी उन्हीं वृक्षों पर पड़ती है तो ऐसा लगता है मानो सूरज की किरण नहीं सोना चमक रहा हो। यानी कि वृक्ष भी जानते हैं हर मौसम में खुश कैसे रहा जा सकता है। हमारे पशु पक्षी हर पल चहचहाना और उड़ना जानते हैं कोई भी मौसम हो, प्रकृति उन्हें किसी भी तरह से रखे लेकिन खुशियां ढूंढ ही लेते हैं। तो फिर इंसान को क्या हो गया है?*

'मुस्कुराइए आप कैमरे के सामने है' जब यह पंक्तियां पढ़ते हैं तो ऐसा लगता है कि क्या हम कैमरे के लिए ही मुस्कुराएंगे ?क्या इंसान की हंसी और खुशी इतनी दिखावटी हो गई है कि हम किसी को दिखाने के लिए ही मुस्कुराएंगे ?चेहरे पर मुस्कान आंतरिक खुशी से झलकती है, जब हम वास्तव में खुश होते हैं तो हमारे पूरे व्यक्तित्व पर उसकी झलक दिखाई देती है ।लेकिन वर्तमान समय सिर्फ 'दिखावटी ,बनावटी और सजावटी' होता जा रहा है और उसके चपेट में हमारी आंतरिक खुशी भी आती जा रही है ।लोगों को दिखाने के लिए हम ऊपरी तौर पर हंसते हुए दिखते हैं। लेकिन भीतर से मन चिंतित और परेशान सा रहता है जो हमारे जीवन में झलकता ही रहता है ।लेकिन क्या यह सही है ,हम किसके लिए जी रहे हैं, खुश रहने के लिए ही ना ।

लेकिन हमारी खुशियां कब दूसरों पर निर्भर होने लगती है हमें पता ही नहीं चलता और हमारे पास जो है वह हमें पर्याप्त नहीं लगता और हम 99 के फेर में यानी 99 को 100 बनाने के चक्कर में पूरा जीवन उसके पीछे भागते रहते हैं। और हमारा वह 100 कभी पूरा ही नहीं हो पाता, लेकिन हमारा जीवन पूरा हो जाता है। और हम हैरान-परेशान होकर सब कुछ छोड़ कर चले जाते हैं ।तभी तो ज्ञानीजन कहते हैं कि 'जो हमारे पास शेष है ,उसे ही अगर हम विशेष बना ले ,तो ही हम सुखी हो पाएंगे, वरना यह शेष भी अवशेष बनकर रह जाएगा'।

जीवन सचमुच एक खुली किताब है उस पर अगर हम जाग्रत होकर नजर डालते हैं तो पाते हैं कि हर चीज हमें सिखा रही है कि हम किस तरह से आनंदित होकर जी सकते हैं। क्या कभी आपने देखा है जब बारिश की बूंदे हरे भरे वृक्षों छूती है तो वह किस तरह से लहलहा उठते हैं। और उसके बाद जब सूरज की रोशनी उन्हीं वृक्षों पर पड़ती है तो ऐसा लगता है मानो सूरज की किरण नहीं सोना चमक रहा हो। यानी कि वृक्ष भी जानते हैं हर मौसम में खुश कैसे रहा जा सकता है। हमारे पशु पक्षी हर पल चहचहाना और उड़ना जानते हैं कोई भी मौसम हो, प्रकृति उन्हें किसी भी तरह से रखे लेकिन खुशियां ढूंढ ही लेते हैं।

तो फिर इंसान को क्या हो गया है? उसने खुशियों का पैमाना सिर्फ पैसों और बाहरी जगत से क्यों जोड़ लिया है। उसे क्यों लगता है कि बाहर से ही जब सब कुछ ठीक हो जाएगा तभी वह खुश हो पाएगा। जबकि सभी के अंदर सुख और आनंद भरा है । यह तो हम सभी ने अच्छी तरह से जाना है कि जब हमारा मन खुश होता है तो हर परिस्थिति हमें अपने अनुकूल लगती है लेकिन जब हम अंदर से खुशी महसूस नहीं करते तब स्वादिष्ट भोजन हो या प्रकृति का सुंदर से सुंदर दृश्य हो या फिर वे सभी संयोग जो हमने जुटाए हैं अपनी खुशियों के लिए, वे भी हमें खुश नहीं कर पाते।

तो क्यों ना हम अपनी आदत बनाएं कि हमारे दिन की शुरुआत अपनी आंतरिक खुशी से होगी जो हमारे चेहरे पर झलकेगी और वह पूरा दिन हमें तरोताजा रखेगी। और हम हर पल खुश रह पाए ऐसा प्रयास करते रहेंगे। जब हमें खुश रहने की आदत हो जाती है ,तो हमें दुख के अवसरों में भी सुख तलाशना आ जाता है। हम सभी ने अच्छी तरह महसूस किया है कि हमारे आसपास जब नन्हे नन्हे बच्चे हंसते मुस्कुराते हैं तो हम भी उनके साथ सब कुछ भूल कर हंसते मुस्कुराते हैं। और छोटे बच्चे ज्यादातर समय खुश रहते हैं क्योंकि उनके अंदर वे सभी कषाय भाव क्रोध, मान, माया, लोभ बहुत कम होते हैं। और कषाय के अभाव में वह सहज रुप से खुश रह पाते हैं। तो क्यों ना हम भी इन से ऊपर उठकर अपने जीवन को आनंदित, प्रफुल्लित और सहज बनाकर अच्छा जीवन जीना सीखें ।

'क्योंकि भूत काल एक सपना था, भविष्य काल कल्पना है ,सिर्फ यह वर्तमान ही अपना'।

# ग़ज़ल

**परमानन्द भट्ट, जालोर**



हूँ अटल चट्टान-सा,
गारा नहीं हूँ मैं
बारिशों तुमसे कभी
हारा नहीं हूँ मैं

टूट कर बिखरा हुआ हूँ
कॉच के जैसे
एक टुकड़ा ही बचा,
सारा नहीं हूँ मैं

वक्त ने मुझको
बदलकर रख दिया
साथी
ढूँढते हो आप वह यारा
नहीं हूँ मैं

मैं धधकता सूर्य हूँ यह
याद रख लेना
टूटता है रोज वह तारा
नहीं हूँ मैं

सिंधु ने खारा किया है
स्वाद यह मेरा
मैं नदी का नीर हूँ,
खारा नहीं हूँ मैं

आदमी की वेदना को
व्यक्त मैं करता
मात्र दृग से बह रहा,
धारा नहीं हूँ मैं

यह परम तो रूह से
संवाद को आता
सिर्फ तेरी देह का
मारा नहीं हूँ मै

# सुबह का नाश्ता क्या हो?

## सन टू ह्यूमन पद्धति

**गतांक से जारी...**

**12. आंवला**

(प्रतिदिन एक)

आंवला को प्राचीन आयुर्वेदिक औषधियों में से एक माना जाता है। यह विटामिन सी व ए का खजाना है। ऊर्जादायक जड़ी बूटी के रूप में वर्णित है। सुबह नाश्ते में या दोपहर भोजन में एक आंवला किसी भी रूप में नियमित लेना चाहिए।

आंवला कफ-कोल्ड, वायरल या बैक्टीरियल इन्फैक्शन एवं केंसर सेल्स से लड़ने में सहयोगी है। इसकी तासीर ठण्ठी है। फाईबर, आयरन, कॉपर, पोटेशियम व विटामिन ए प्रचुर मात्रा में इसमें मौजूद रहते है।

**13. नारियल** (प्रतिदिन 10 ग्राम)

सुबह नाश्ते में नारियल की गिरी को चबाकर खाना चाहिए। इसमें गुड़ कोलेस्ट्रोल, फाईबर, कैल्शियम, मैग्नीशियम आदि तत्व रहते है। इससे ब्लड ग्लूकोज का स्तर नियंत्रित रहता है।

**14. एनर्जी टी**

चाय, कॉफी व दूध के सेवन से बचना चाहिए। उसके विकल्प के रूप में एनर्जी टी दोनों समय ले सकते है।

उपरोक्त वस्तुओं के अतिरिक्त आपको प्रतिदिन निम्नलिखित ताजे फलों का सेवन करना है

**1. कच्ची लोकी ( दुधी )**

प्रतिदिन 100 ग्राम सलाद के रूप में

2. एक सेब (एप्पल)

3. मौसम्बी-2

4. अनार-1

5. पपीता आदि अन्य सीजनल फ्रूट्स

6. दो गिलास छाछ

7. एक कप गुड़ पानी (रात में भिगोकर सुबह उसका सेवन करे)

उपरोक्त सभी वस्तुओं का सेवन निर्धारित मात्रा में अपने विवेक के अनुसार करे। आवश्यकता हो तो सेब, मौसम्बी व अनार की मात्रा बढ़ाई जा सकती है। डायबिटीज के रोगी गुड़ पानी आदि का उपयोग अपने विवेक के अनुसार ही करें।

# RO का पानी है खतरनाक और जानलेवा

**पानी में बहुत सारे लाभदायक तत्व होते हैं, जैसे कैल्शियम, मैग्निशियम, फासफोरस आदि जो कि हमारे शरीर के लिए बहुत जरूरी है। पीने वाले पानी को TDS ( Total Dissolved Salt ) से मापा जाता है। मानव शरीर के लिए 350 TDS का पानी अति उत्तम है। 250 से 500 TDS तक का पानी भी अच्छा होता है। परन्तु RO द्वारा फिल्टर किये गये पानी में TDS की मात्रा 15 से 25 तक रह जाती है। जिससे मानव शरीर के जरूरी तत्व भी निकल जाते है। जिसके कारण शरीर में जरूरी तत्वों ( मिनरल ) की कमी हो जाती है। इस कमी के कारण शरीर हड्डियों से जरूरी तत्व ( मिनरल्स ) लेना शुरू कर देता है।**

जल ही जीवन है। जल के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। मानवीय शरीर का 70 प्रतिशत हिस्सा पानी ही है। परन्तु अगर जीवन देने वाला ही जीवन को नुकसान पहुंचाने लगे तो इससे ज्यादा अनहोनी क्या होगी। आजकल दूषित पानी की समस्या बहुत गंभीर है। पीने वाला पानी ही दूषित हो चुका है। आजकल पानी में 2100 तरह के जहरीले तत्व मौजूद हैं, जिसका बुरा असर हमारी सेहत के ऊपर हो रहा है। दूषित पानी की इस समस्या का फायदा उठाकर लालची विदेशी कम्पनियों ने RO सिस्टम की खोज की। विदेशी कम्पनियों के अनुसार RO पानी को शुद्ध करके पीने योग्य बनाता है। जिसको कि Who (World Health Organisation) ने भी स्वीकार किया था।

पानी में बहुत सारे लाभदायक तत्व होते हैं, जैसे कैल्शियम, मैग्निशियम, फासफोरस आदि जो कि हमारे शरीर के लिए बहुत जरूरी है। पीने वाले पानी को TDS (Total Dissolved Salt) से मापा जाता है। मानव शरीर के लिए 350 TDS का पानी अति उत्तम है। 250 से 500 TDS तक का पानी भी अच्छा होता है। परन्तु RO द्वारा फिल्टर किये गये पानी में TDS की मात्रा 15 से 25 तक रह जाती है। जिससे मानव शरीर के जरूरी तत्व भी निकल जाते है। जिसके कारण शरीर में जरूरी तत्वों (मिनरल) की कमी हो जाती है। इस कमी के कारण शरीर हड्डियों से जरूरी तत्व (मिनरल्स) लेना शुरू कर देता है। जिस कारण हड्डियां कमजोर हो जाती है। के पानी के लगातार सेवन से शरीर में विटामिन बी-12 की भी कमी हो जाती है और इसके साथ थकान, कमजोरी, जोड़ों का दर्द, बाल झड़ना, मांसपेशियों का दर्द, पेट की बीमारियां, दिल से संबंधित बीमारियां आदि रोग होते हैं इसकी पुष्टि अब ने भी कर दी है। इसीलिए अमेरिका और यूरोप के 19 देशों में RO के ऊपर प्रतिबंध लगा दिया गया है। RO प्लास्टिक का बना होता है और फिल्टर का पानी भी प्लास्टिक की बोतलों में भर कर रखा जाता है। जिससे कि प्लास्टिक पानी में घूल के शरीर में जाती है। जिससे कि कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियां हो सकती है। बोतलों का कारोबार अरबों रूपये का है जिससे कि हमारे देश का पैसा विदेशों में चला जाता है। **क्रमशः**

## हरियाली की बहार

### रसीले मटर

तेल गरम करके उसमें राई-जीरे का बघार लगाकर हरी मिर्च पकाएं। उसमें मटर के दाने, स्वादानुसार सेंधा नमक, हल्दी, मटर, धनिया पाउडर व गरम मसाला डालकर थोड़ा भूनें और ऊपर से थोड़ा पानी डालकर झोलदार पकाएं।

### मटर टमाटर लचीला

तेल गरम करके उसमें राई-जीरे का बघार लगाकर हरी मिर्च पकाएं। फिर उसमें पीसे हुए टमाटर डालकर अच्छा पकाएं और मटर, स्वादानुसार सेंधा नमक, हल्दी, धनिया पाउडर व थोड़ा पानी डालकर लचीली सब्जी तैयार करें।

### मटर बेसन

थोड़ा तेल गरम करके उसमें मटर के दाने सेक लें और फिर दरदरा पीस लें। तेल गरम करके उसमें राई-जीरे का बघार लगाकर हरी मिर्च पकाएं। उसमें मटर का पेस्ट, स्वादानुसार सेंधा नमक, हल्दी व बेसन डालकर पकाएं और गरमा गरम सर्व करें।


PRAKASH STEELAGE LTD

PRAKASH GROUPS


Mr. Prakash C. Kanugo, is the Promoter, Chairman & Managing Director of the Company. He established Prakash Steelage Ltd. in the year 1991. Prakash Steelage Ltd. is a flagship company of the Prakash Group. PSL got listed in both of the stock exchanges "BSE and NSE" in the year 2010 and engaged in the manufac- turing of welded stainless steel Pipes, Tubes, and U-tubes. Prakash Steelage Ltd. is an ISO 9001: 2008 & PED Certified Company and also a "Govt. Recognized Star Export House" exporting to several MNCs into more than 40 countries across the Globe.

The Company entered into a joint venture agreement in the year of 2015 with Tubacex S.A. Spain, a world leader in the manufacturing of seamless stainless steel tubes for its seamless division at its factory with the name of Tubacex Prakash India Pvt. Ltd. Umbergaon (Gujarat). The Joint Venture was in force till March 2021. Also, have had a Silvassa manufacturing plant since 1996.

Head Office: 101, 1st Floor, Shatrunjay Apartment, 28, Sindhi Lane, Nanubhai Desai Road, Mumbai - 400004, Maharastra, India.

Plant Survey No. 46/1, Village Kherdi, U.T. of Dadra & Nagar Haveli, Silvassa (India)

sales@prakashsteelage.com
+91-22-6613 4500



PROJECT-UMBERGAON, GUJARAT

Prakash Land Developers combines the expertise of its promoters Mr. Hemant Kanugo & Mr. Jagdish Chandan in the area of industrial plants, plot development, bungalow projects, and Commercial & residential projects across several states.

Driven by the passion to deliver high-quality projects with technical superiority and superior living experiences, Prakash Land Developers continues to exceed expectations with every project. Very close to Railway station, Jain temple, Schools, and Market place.

PREMIUM PROJECT OF UMBERGAON. ELITE. ELEGANT. EXCLUSIVE.

Regional Office: Plot No. 33 GIDC Colony, Opp. Police Station, Near Garba Madal, Umbergaon West. Umbergaon 396171 District Valsad. Gujarat.

Site Office: New Survey no. 48 & 49, At Dahad, Umbergaon Station Road, Taluka Umbergaon, Dist-Valsad, Gujarat. 396165

www.prakashprojects.com
+91 90999 41598


# सन टू ह्यूमन के आगामी शिविर

## आवासीय शिविर

| 4 दिवसीय ऊर्जा शिविर | 11 दिवसीय परम नवरात्रि शिविर | 18 दिवसीय कॉस्मिक विजन शिविर |
|---|---|---|
| आषाढ़ नवरात्रि (जून-जुलाई) ऊर्जा शिविर 1 : 16 जून से 19 जून 2023 ऊर्जा शिविर 2 : 6 जुलाई से 9 जुलाई 2023 | आषाढ़ नवरात्रि (जून-जुलाई) 24 जून से 4 जुलाई 2023 | आषाढ़ नवरात्रि (जून-जुलाई) 16 जून से 4 जुलाई 2023 • प्रति साधक शुल्क - ₹ 9500/- |
| शरद नवरात्रि (सितंबर-अक्टूबर) ऊर्जा शिविर 1 : 9 अक्टूबर से 12 अक्टूबर 2023 ऊर्जा शिविर 2 : 26 अक्टूबर से 29 अक्टूबर 2023 | शरद नवरात्रि (अक्टूबर) 14 अक्टूबर से 24 अक्टूबर 2023 | शरद नवरात्रि (अक्टूबर) 13 अक्टूबर से 30 अक्टूबर 2023 |
| माघ नवरात्रि (जनवरी-फरवरी) ऊर्जा शिविर 1 : 4 फरवरी से 7 फरवरी 2024 ऊर्जा शिविर 2 : 22 फरवरी से 25 फरवरी 2024 | माघ नवरात्रि (फरवरी) 9 फरवरी से 19 फरवरी 2024 | माघ नवरात्रि (फरवरी) 8 फरवरी से 25 फरवरी 2024 |
| चैत्र नवरात्रि (अप्रैल) ऊर्जा शिविर 1 : 3 अप्रैल से 6 अप्रैल 2024 ऊर्जा शिविर 2 : 21 अप्रैल से 24 अप्रैल 2024 | चैत्र नवरात्रि (अप्रैल) 8 अप्रैल से 18 अप्रैल 2024 | चैत्र नवरात्रि (अप्रैल) 7 अप्रैल से 24 अप्रैल 2024 |
| प्रति साधक शुल्क - ₹ 2000/- | प्रति साधक शुल्क - ₹ 5500/- | प्रति साधक शुल्क - ₹ 9000/- |

## नये दृष्टिकोण वाले शिविर सुबह 2-2 घंटे

SUN TO HUMAN FOUNDATION

**UPCOMING EVENTS 2023-24**

आगामी शिविर

*Join the camp & live the change*

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| VRINDAVAN 19 to 21 Aug 2023 | NEPAL BIRATNAGAR 1 to 3 Sep 2023 | RATLAM 1 to 6 Oct 2023 | BHAVNAGAR 15 to 20 Nov 2023 | PUNE 19 to 24 Nov 2023 |
| KOLKATA 28 Nov to 3 Dec 2023 | RAIPUR 22 to 27 Dec 2023 | SANTACRUZ 6 to 11 Jan 2024 | DURG Mid Jan (Dates yet to be decided) | BORIVALI 23 to 28 Jan 2024 |


| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| BHILWARA 15 to 20 Mar 2024 | UDAIPUR 19 to 24 Mar 2024 | AHMEDABAD 27 Mar to 1 Apr 2024 | INDORE 16 to 21 May 2024 | JAIPUR 28 May to 2 Jun 2024 | JODHPUR 2 to 7 Jun 2024 |

8770657162 9111555553

# विचार शक्ति को परिष्कृत कीजिए

जो जैसा सोचता और करता है, वह वैसा ही बन जाता है। मनुष्य का विकास और भविष्य उसके विचारों पर निर्भर है। जैसा बीज होगा, वैसा ही पौधा उगेगा। जैसे विचार होंगे, वैसे कर्म बनेंगे और जैसे कर्म करेंगे, वैसी परिस्थितियां बन जाएँगी। इसीलिए तो कहा गया है कि मनुष्य अपनी परिस्थितियों का दास नहीं, वह उनका निर्माता, नियंत्रणकर्ता और स्वामी है। वास्तविक शक्ति 'साधनों' में नहीं, 'विचारों' में सन्निहित है।

कहते हैं मनुष्य के भाग्य का लेखा-जोखा कपाल में लिखा रहता है। कपाल अर्थात् मस्तिष्क । मस्तिष्क अर्थात विचार। अतः मानस शास्त्र के आचार्यों ने यह उचित ही संकेत किया है कि भाग्य का आधार हमारी विचार पद्धति ही हो सकती है। विचारों की प्रेरणा और दिशा अपने अनुरूप कर्म करा लेती है। इसीलिए भी कहते हैं कि 'मनुष्य अपने भाग्य का निर्माता आप है ।'



पं.श्रीराम शर्मा आचार्य

विचार आंतरिक बल और पुरुषार्थ है, उसे जिस लक्ष्य पर नियोजित किया जाता है, उसी में तदनुरूप प्रगति होती है और सफलता मिलती है। लोग अस्त-व्यस्त और विकृत कल्पनाओं में उलझाए रहकर उसे नष्ट भी करते हैं और विकृतियों में उलझकर - अपने लिए संकट भी उत्पन्न करते हैं। लक्ष्य तक पहुँचने का पुरुषार्थ इंद्रिय शक्ति के माध्यम से ही करना पड़ता है और उसी आधार पर सफलताएँ प्राप्त होती हैं, पर इंद्रिय शक्ति को पकड़कर विशेष दिशा में लगा देने का पुरुषार्थ 卐विचार बल卐 द्वारा ही संभव होता है। सही दिशा में इंद्रिय शक्ति न लग पाने से उपलब्धियाँ नहीं मिलतीं। बात यहीं तक सीमित नहीं, विचार बदलते हैं तो इंद्रियाँ भी दिशा बदलती हैं और हजार परेशानियाँ मनुष्य स्वयं पैदा कर लेता है। रावण प्रकांड पंडित, विद्वान, ज्ञानी था, लेकिन उसने सत्पुरुषों जैसा व्यवस्थित चिंतन छोड़ दिया, लोलुपों का अस्त-व्यस्त क्रम अपनाया। इसलिए अपने ज्ञान का ठोस लाभ समाज को न दे सका। आदर्शनिष्ठ चिंतन छोड़कर, संकीर्ण स्वार्थगत चिंतन में, हीन कर्मों में लगा दिया और दुर्गति करा ली। उसकी रुचि के और संसार की आवश्यकता के ढेरों कार्य प्रतीक्षा में ही रखे रह गए।

'विचार' सूक्ष्म स्तर का कर्म है। कार्य का मूल रूप विचार है। समय की तरह विचार - प्रवाह को भी सत्प्रयोजनों में निरत रखा जाना चाहिए। जिस प्रकार समय को योजनाबद्ध कर सफलता पाई जाती है, उसी प्रकार विचार - प्रवाह को भी सुनियोजित कर, लक्ष्य विशेष से जोड़कर लाभान्वित हुआ जा सकता है ।

## ॥ शोक में नहीं सृजन में जियो ॥

**अर्जन और विसर्जन ये मनुष्य जीवन के दो अहम पहलू हैं।वृक्ष कभी इस बात पर व्यथित नहीं होता है कि उसने कितने फूल अथवा कितने पत्ते खो दिये। वह सदैव नयें फूल और पत्तों के सृजन में व्यस्त रहता है।**

**नदियां भी कभी इस बात का शोक नहीं करती हैं कि प्रतिपल कितना - कितना जल प्रवाहित हो गया। वो सदैव उसी वेग में लोक मंगल हेतु प्रवाहमान बनी रहती है। उन्हें भी पता होता है कि हम जितना देंगे, उतना ही हमें प्रकृति द्वारा और अधिक दे दिया जायेगा।**

**जीवन में जब तक पुराना नहीं जाता है तब तक नयें आने की संभावनाएं भी नगण्य रहती हैं। यदि जीवन से कुछ जा रहा है तो चिंता मत करो अपितु ये भाव रखो कि वो ईश्वर जरूर हमें कुछ नया देने की, कुछ और बेहतर देने की तैयारी कर रहा है।**

## चेतना प्रवाह

मृत्यु को लेकर एक बहुत बड़ा रहस्य यह है कि हम दूसरों की मृत्यु का दुःख मनाते है, लेकिन हमें अपनी खुद की मृत्यु का ख्याल नहीं आता। मृत्यु के शाश्वत सत्य को एक बार उसका हमारे रोजमर्रा के जीवन पर सीधा और गहरा प्रभाव पड़ना चाहिए। तब हम यूं ही रास्तों से नहीं गुजर जाएंगे, यूं ही लोगों की परेशानियों को लेकर उदासीन नहीं रहेंगे। हम राह में आने वाले हर शै को भरपूर प्यार की नजर से निहारेंगे। दुनिया की सुंदरता को हरसंभव आंखों में भरेंगे और वे अजनबी ही क्यों न हो, लोगों के प्रति अपना प्रेम दिखाने के बहाने खोजेंगे।

## मनोविज्ञान



मानसिक अशांति व्यक्ति को व्यथित करती है। इस व्यथा का परिणाम बैचेनी या उदासीनता के सिवा कुछ नहीं होता। मनोविज्ञान का ज्ञाता ही इसे समझ सकता है। मन की स्थिति की समस्त जानकारी रखनेवाला मनुष्य ही तो सच्चा मनोविज्ञानी होता है। वह किसी भी मानसिक समस्या का हल आसानी से ढूंढ़ सकता है। मन के परिणाम चंचल होते है। उन पर नियंत्रण रखने से ही जीवन में शांति प्राप्त हो सकती है। ऐसा कोई भी प्रसंग किसी भी समय उपस्थित हो सकता है जो हमें शुभाशुभ अनुभव कराता हुआ व्यथित कर दे। इसलिए मन पर नियंत्रण रखना अत्यन्त आवश्यक है।

**-आचार्य जयन्तसेनसूरि**

**मारवाड़ चेतना**
**नि :शुल्क प्राप्त करें**

यदि आप **मारवाड़ चेतना** अपने वाट्सअप पर निःशुल्क प्राप्त करना चाहते हैं तो हमारा मोबाईल नं. **9820738681** आपके मोबाईल में मारवाड़ चेतना के नाम से सेव कर लें व व्हाट्सअप पर हमें इसी नंबर पर अपना नाम, पता, मूल निवासी आदि लिखकर भेज दें। उसके बाद आपको हर सप्ताह व्हाट्सअप पर मारवाड़ चेतना प्राप्त होता रहेगा।

# अहंकार और प्रेम

अहंकार और प्रेम एक साथ नहीं हो सकते। अहंकार भी अंधकार की भांति है। वह प्रेम की अनुपस्थिति है, वह प्रेम की एब्सेंस है। वह प्रेम की मौजूदगी नहीं है। हमारे भीतर प्रेम अनुपस्थित है इसलिए हमारे भीतर 'मैं' का स्वर, 'मैं' का स्वर बजता चला जाता है, बजता चला जाता है। और हम इस 'मैं' के स्वर को उठा कर कहते हैं कि 'मैं' प्रेम करना चाहता हूं मैं प्रेम देना चाहता हूं मैं प्रेम पाना चाहता हूं।' आप पागल हो गए हैं! 'मैं' का और प्रेम का कोई संबंध न कभी हुआ है और न हो सकता है। और यही 'मैं' प्रेम की आवाज किए चला जाता है- 'मैं' प्रार्थना करना चाहता हूं 'मैं' परमात्मा को पाना चाहता हूं 'मैं' मोक्ष जाना चाहता हूं।



ओशो

ये वैसी ही बातें हैं जैसे अंधकार कहे कि मैं सूरज से गले मिलना चाहता हूं मुझे सूरज का आलिंगन करना है। मुझे सूरज से प्रेम करना है। मुझे तो सूरज के घर में मेहमान बनना है। अंधकार जैसी ही ये बातें कहे वैसी ही 'मैं' की ये बातें हैं कि मुझे प्रेम करना है, मुझे प्रार्थना करनी है, मुझे परमात्मा से मिलना है।

'मैं' के लिए यह द्वार नहीं है, क्योंकि 'मैं' प्रेम की ही अनुपस्थिति है।'मैं' प्रेम का ही अभाव है और जितना हमारा यह 'मैं' का स्वर हम मजबूत करते चले जाएंगे, उतना ही हमारे भीतर प्रेम की संभावना क्षीण होती चली जाएगी। अहंकार जितना होगा, उतना ही प्रेम नहीं होगा, अहंकार पूरा हो जाएगा, प्रेम की पूरी मृत्यु हो जाएगी।

**'मैं' के लिए यह द्वार नहीं है, क्योंकि 'मैं' प्रेम की ही अनुपस्थिति है।'मैं' प्रेम का ही अभाव है और जितना हमारा यह 'मैं' का स्वर हम मजबूत करते चले जाएंगे, उतना ही हमारे भीतर प्रेम की संभावना क्षीण होती चली जाएगी। अहंकार जितना होगा, उतना ही प्रेम नहीं होगा, अहंकार पूरा हो जाएगा, प्रेम की पूरी मृत्यु हो जाएगी।**

हमारे भीतर कोई प्रेम नहीं हो सकता है, क्योंकि हम खोजेंगे तो हम पाएंगे कि हमारे भीतर 'मैं' का स्वर

# अशोक गहलोत सरकार बनाएगी किसान कर्ज राहत आयोग, भाजपा बना रही चुनावी मुद्दा



विधानसभा चुनाव से करीब चार महीने पहले किसानों को लुभाने के लिए राजस्थान की कांग्रेस सरकार किसान कर्ज राहत आयोग बनाने की तैयारी कर रही है। इसके लिए दो अगस्त को राज्य विधानसभा में विधेयक पारित होगा। विधेयक पारित होने के बाद आयोग बनाए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। आयोग का अध्यक्ष उच्च न्यायालय के सेवानिवृत न्यायाधीश को बनाया जाएगा। साथ ही पांच सदस्य होंगे।

**जयपुर।** विधानसभा चुनाव से करीब चार महीने पहले किसानों को लुभाने के लिए राजस्थान की कांग्रेस सरकार किसान कर्ज राहत आयोग बनाने की तैयारी कर रही है। इसके लिए दो अगस्त को राज्य विधानसभा में विधेयक पारित होगा। विधेयक पारित होने के बाद आयोग बनाए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ होगी।

### HC के सेवानिवृत न्यायाधीश को बनाया जाएगा आयोग का अध्यक्ष

आयोग का अध्यक्ष उच्च न्यायालय के सेवानिवृत न्यायाधीश को बनाया जाएगा। साथ ही पांच सदस्य होंगे। सदस्यों में जिला एवं सत्र न्यायाधीश स्तर के सेवानिवृत न्यायिक अधिकारी, वित्त,सहकारिता एवं किसानों से जुड़े मामलों के विशेषज्ञ शामिल होंगे। भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत अधिकारी को भी आयोग में शामिल किया जा सकेगा।

### नियमित तौर पर जिले में जाकर सुनवाई करेगा आयोग

सूत्रों के अनुसार, आयोग को न्यायालय जैसे अधिकार होंगे। आयोग किसान को संकटग्रस्त घोषित कर के उसे राहत देने का आदेश सरकार, बैंक अथवा वित्तीय संस्थान को दे सकेगा।

आयोग किसान को संकटग्रस्त घोषित कर कर्ज माफ करने से पहले बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों के प्रतिनिधियों का पक्ष भी सुनेगा। आयोग नियमित तौर पर जिलों में जाकर किसानों की सुनवाई करेगा। आयोग राष्ट्रीयकृत बैंकों अथवा वाणिज्य बैंकों से लिए गए कर्ज को री-शेड्यूल करने और कर्ज माफी को लेकर भी आदेश जारी कर सकेगा।

### सहकारिता विभाग के अतिरिक्त पंजीयक को बनाया जाएगा आयोग का सचिव

सहकारिता विभाग के अतिरिक्त पंजीयक को आयोग का सचिव बनाया जाएगा। राज्य कृषि विभाग के अधिकारियों के अनुसार, आयोग बनने के बाद बैंक अथवा कोई भी वित्तीय संस्थान किसी भी कारण से फसल खराब होने की हालत में कर्ज वसूली को लेकर किसान पर दबाव नहीं बना सकेंगे। फसल खराब होने की स्थिति में किसान कर्ज माफी को लेकर आयोग में अपील कर सकेंगे। आयोग चाहे तो बैंक अथवा वित्तीय संस्थान को कर्ज माफी के आदेश दे सकेगा या फिर राज्य सरकार को किसान की मदद के लिए निर्देश दे सकेगा।

### 2018 में कांग्रेस ने किया था कर्ज माफ करने का वादा

उल्लेखनीय है कि साल, 2018 में विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने चुनाव घोषणा - पत्र में किसानों के कर्ज माफ करने का वादा किया था। सत्ता में आने के बाद कांग्रेस सरकार ने राज्य के सहकारी बैंकों के तो कर्ज माफ किए,लेकिन राष्ट्रीयकृत और वित्तीय संस्थाओं के कर्ज माफ नहीं हो सके। इस कारण अब तक 19,300 किसानों की जमीन कुर्क हो चुकी है। अब भाजपा इसे चुनावी मुददा बना रही है।

# अब किसान यहाँ से सस्ते में ले सकेंगे नई उन्नत किस्मों के प्रमाणित बीज




उन्नत किस्मों के प्रमाणित बीज खेती में बीजों का महत्वपूर्ण स्थान है, फसलों की पैदावार बीज की गुणवत्ता पर ही निर्भर करती है। ऐसे में फसलों का उत्पादन बढ़ाने के लिए सरकार अधिक से अधिक किसानों तक उन्नत प्रमाणित बीज पहुँचाने के लिए प्रयासरत है। इसके लिए देशभर में कई योजनाएँ चलाई जा रही हैं। इस कड़ी में राजस्थान सरकार ने राज्य में किसानों को उन्नत क़िस्मों के बीज उपलब्ध करवाने के लिए कृषि उपज मंडी प्रांगण में ही विक्रय केंद्र खोलने का निर्णय लिया है। इस कड़ी में 27 जुलाई 2023, गुरुवार के दिन राजस्थान बीज निगम अध्यक्ष श्री धीरज गुर्जर ने कृषि उपज मंडियों में 24 राजीव गांधी बीज विक्रय केंद्र एवं 5 बीज विस्तार केंद्रों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इन केंद्रों पर किसानों को उन्नत एवं उच्च गुणवत्ता का प्रमाणित बीज उचित दर पर मिल सकेगा। साथ ही बीज विस्तार केंद्रों पर दूरस्थ इलाकों में प्रमाणित बीज सुगमता से कम लागत पर मिल सकेगा। श्री धीरज गुर्जर ने कहा कि प्रमाणित बीजों का उपयोग करने से किसानों की पैदावार में वृद्धि होगी। जिससे किसानों की आय बढ़ेगी एवं उनके समय और पैसे की बचत भी होगी। यह भी पढ़ें सब्सिडी पर स्प्रिंकलर सेट, पाईप लाईन सेट, पंपसेट आदि सिंचाई यंत्र लेने के लिये अभी आवेदन करें किसान यहाँ से भी ले सकते हैं प्रमाणित बीज

राजस्थान राज्य बीज निगम के प्रबंध निदेशक श्री जसवंत सिंह ने बताया कि इन विक्रय केंद्रों के माध्यम से राज्य के प्रत्येक किसान को उच्च गुणवत्ता का बीज उपलब्ध करवाया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि निगम द्वारा बीज का शत प्रतिशत ग्रो आउट टेस्ट (GOT) करवा कर किसानों को बीज उपलब्ध करवाया जाता है। उन्होंने बताया कि प्रमाणित बीज राज्य के 5 हजार 500 से अधिक जीएसएस एवं केवीएसएस पर भी उपलब्ध करवाये जा रहे है। वहीं राजस्थान के सीकर से कल प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 1.25 लाख पीएम किसान समृद्धि केंद्र (पीएम-केएसके) राष्ट्र को समर्पित किए। शुरू किए गए 1.25 लाख पीएम किसान समृद्धि केंद्र को किसानों के लिए वनङ्स्टॉप शॉप में विकसित किया जा रहा है। गांव व ब्लॉक लेवल पर इन केंद्रों से करोड़ों किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। यहां किसानों को बीज, खाद, खेती के औजार व अन्य मशीनें भी मिलेगी। ये केंद्र खेती से जुड़ी हर आधुनिक जानकारी किसानों को देंगे। इस साल के अंत से पहले ऐसे और 1.75 लाख केंद्र खोले जाएंगे।

**जीवन में हर समय मुस्कुराने की आदत डालिए। इस एक आदत से हम अपने गुस्से और खीझ पर विजय प्राप्त करने में सफल होंगे, साथ ही हमारा चेहरा सुंदर होगा और हमारा आभामंडल सकारात्मक। -श्री चन्द्रप्रभ**

29वीं पुण्यतिथि
( 5 अगस्त 2023 ) पर
हार्दिक श्रद्धांजलि



स्व. श्रीमती सुशीलादेवी मूलचन्द बाफना
भीनमाल/मुंबई
स्वर्गवास: 5 अगस्त 1994
श्रद्धावनत
मूलचन्द-अंजना,
नितेश-डिम्पल,
यश-काजल
नायशा, खीया एवं
समस्त बाफना परिवार

बारहवीं पुण्यतिथि पर

# विनम्र श्रद्धांजलि



परम पूज्या, वात्सल्यमूर्ति, आदरणीय बाई

## स्व. श्रीमती विमलादेवी गणेशमलजी बोहरा

स्वर्गवास: 6 अगस्त 2011

आपकी उदारता, सेवा भावना, कर्तव्य निष्ठा और संस्कार ही हमारे प्रेरणा स्त्रोत हैं।
आप एक गृहिणी ही नहीं, अपने आप में पूरी संस्था थी।
जीवन जीने का आप द्वारा प्रशस्त किया गया मार्ग हमारा संबल बनेगा।
बारहवीं पुण्यतिथि के अवसर पर भावभीनी श्रद्धांजलि

**श्रद्धावनत**

| | |
|---|---|
| अशोक-कान्ता | [ पुत्र-पुत्रवधु ] |
| सुरेश-सरोज | [ पुत्र-पुत्रवधु ] |
| अनिल-हीना | [ पुत्र-पुत्रवधु ] |
| शीला-हरीशंकरजी दवे | [ पुत्री-दामाद ] |
| नीरू-गिरधरजी दवे | [ पुत्री-दामाद ] |
| कुशल-खुशबू | [ पौत्र-पौत्रवधु ] |
| हर्ष, विहार, परिधि, नुपूर, नव्या | [ पौत्र-पौत्रियां ] |
| नीलम-अल्पेशजी ओझा | [ दोहिती-दोहितीवर ] |
| मितेश-जया, | [ दोहिता-दोहिता वधु ] |
| निधिश, जिनिशा | [ दोहिता, दोहिती ] |
| खुश, भव्या | [ परदोहिता, परदोहिती ] |

**एवं समस्त बोहरा परिवार, भन्दर/मुम्बई**

**पीहर पक्ष**-दिनेशकुमार, स्व. राजेन्द्रकुमार सुपुत्र स्व. श्री नीलकण्ठजी त्रिवेदी एवं समस्त त्रिवेदी परिवार, सांतपुर (आबूरोड़) जिला-सिरोही